प्रदर्शन

फॉरेस्ट विभाग हाय-हाय, खेल मैदान खाली करो के लगाए नारे

वन विभाग द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के विरोध में छात्र उतरे मैदान पर

नवभारत न्यूज

जुन्नारदेव, 21 जनवरी, फॉरेस्ट विभाग द्वारा वर्तमान में वन भूमि में फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव परिसर से सटकर वन विभाग द्वारा किए जा रहे हैं फेंसिंग निर्माण कार्य का विरोध विद्यार्थियों ने बुधवार को जमकर किया।

विद्यार्थियों का कहना है कि फॉरेस्ट विभाग द्वारा जिस स्थान पर फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है वह महाविद्यालय की है और उसे स्थान पर खेल मैदान प्रस्तावित है विद्यार्थियों ने खेल मैदान खाली करो वन विभाग है-है के नारे भी लगाए

50-60 विद्यार्थी हुए एकत्रित काम को रोका

महाविद्यालय की भूमि पर निर्माण कार्य होता देख महाविद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थी इसका विरोध करने मौका स्थल पर पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत की किंतु जब वन विभाग के अधिकारी नहीं माने तब 50 से 60 विद्यार्थी एकजुट हो गए और कार्य का विरोध करने लगे वही महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर, प्रोफेसर रोड वाडिवा, प्रोफेसर मनोज मालवीय, एनसीसी अधिकारी मोहम्मद आबिद, खेल अधिकारी नीरज पाल द्वारा विद्यार्थियों को समझाइश दी गई जिसके बाद काम रोके जाने के उपरांत विद्यार्थी शांत हुए। इसके पूर्व विद्यार्थी वन विभाग हाय हाय कॉलेज की भूमि खाली करो के नारे लगाते रहे।

इनका कहना है : वन विभाग द्वारा महाविद्यालय की भूमि पर फेंसिंग लगाई जा रही है जिसे लगभग तीन दिन पूर्व रोका गया था और भूमि सीमांकन हेतु तहसीलदार जुन्नारदेव को पत्र भी प्रेषित किया गया है किंतु वन विभाग द्वारा बिना सीमांकन के कार्य प्रारंभ कर दिया गया है इसके विरोध में विद्यार्थी सामने आए हैं।

डॉ एके टांडेकर, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव

जनजातीय महोत्सव बना सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता का सशक्त मंच

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जनवरी, सर्व आदिवासी समाज, छिंदवाड़ा के तत्वावधान में शहर के ऐतिहासिक बादल भाई संग्रहालय परिसर में आयोजित जनजातीय महोत्सव, आदिवासी युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं नववर्ष मिलन समारोह के अंतर्गत पूर्व में घोषित सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। यह आयोजन जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और युवा सहभागिता का सशक्त उदाहरण बना।

महापौर श्री अहके ने कहा कि ऐसे आयोजनों से जनजातीय समाज की परंपराएं, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक विरासत नई पीढ़ी तक सुरक्षित रूप से पहुंचती है। युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामाजिक समरसता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।उन्होंने उपस्थित का स्वागत किया तथा कार्यक्रम में आने के लिए आभार भी व्यक्त किया। आगे महोत्सव को संबोधित करते हुए छिंदवाड़ाङ्कपांढुर्णा सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज जनजातीय समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय है। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने आदिवासी समाज के भवन निर्माण हेतु सांसद निधि से 25 लाख रुपये देने की घोषणा कर समाज को बड़ी सौगात दी। कार्यक्रम में छिंदवाड़ा नगर निगम के महापौर विक्रम अहके ने कहा कि जनजातीय महोत्सव समाज को उसकी जड़ों से जोड़ने का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से जनजातीय परंपराएं, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक पहचान नई पीढ़ी तक सुरक्षित रूप से पहुंचती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम छिंदवाड़ा आदिवासी समाज के सांस्कृतिक संरक्षण, सामाजिक उत्थान और युवाओं को सकारात्मक मंच प्रदान करने हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित आदिवासी युवक-युवती परिचय सम्मेलन में छिंदवाड़ा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विवाह योग्य युवक-युवतियों ने सहभागिता कर अपना परिचय दिया। इसे सामाजिक समरसता और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठजनों, विशिष्ट अतिथियों एवं प्रतिभाशाली युवक-युवतियों का सम्मान किया गया। संध्या काल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पारंपरिक जनजातीय नृत्य, लोकगीत एवं वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष आकर्षण के रूप में प्रसिद्ध भजन गायक अमित धुर्वे (बागेश्वर धाम) की भक्तिमय प्रस्तुति एवं विश्वविख्यात कलाकार सूर्यभान मरावी की अद्भुत कला ने कार्यक्रम को विशिष्ट पहचान प्रदान की।

सरस्वती शिशु मंदिर देवरी में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 21 जनवरी, देवरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि गण के रूप में कुनाल बांगड (सीबीआई बैंक), रामदास उइके, संजीव उसके, सरपंच तथा अन्य विद्यालयों के संचालक एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालक बी.एल. साहू ने की। इस अवसर पर प्राचार्या सविता साहू सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक-शिक्षिका स्टाफ-कंचन मानमोडे, रजनी पदामे, ललिता पवार, संतोषी वट्टी, शबाना खान, वी.पी. नागौर, यूनुस खान, संदीप कुमरे आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शैक्षणिक एवं संस्कारगत प्रयासों की प्रशंसा की।

अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों ने किया जंगल का भ्रमण

नवभारत न्यूज

जुन्नारदेव, 21 जनवरी, ईको टूरिज्म बोर्ड म प्र भोपाल के सौजन्य से पश्चिम वनमंडल छिंदवाड़ा के अंतर्गत वन परिक्षेत्र जामई की खजरी बीट के पांजरा में बुधवार 21 जनवरी को अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन साहिल गर्ग वन मंडल अधिकारी के आदेशानुसार एवं सीमा ठाकुर उप वन मंडल अधिकारी प्रभारी परासिया के निर्देशानुसार एच एल कोद्दार वन परिक्षेत्र अधिकारी जामई की उपस्थिति में आयोजित की गई, जिसमें मास्टर ट्रेनर संजय धुर्वे वनपाल के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पालाचौरई के 126 बच्चों को वन का भ्रमण कराया गया एवं वन पर्यावरण ईको सिस्टम के बारे में बताया गया।

इस वर्ष की थीम है। हम है धरती के दूत के साथ साथ विगत वर्ष की

विभिन्न थीमों के बारे में बताया गया। मिशन लाइफ, मैं भी बाघ, हम है बदलाव के महत्व को बताया गया बच्चों को वर्षा जल, जल ग्रहण क्षेत्र, पर्यावरण के लिए वृक्षों का महत्व भूमि कटाव रोकने में वृक्षों का योगदान मृदा संरक्षण में सूक्ष्म जीवों क्या योगदान होता है बताया गया प्रकृति संरक्षण में बच्चे का विशेष योगदान हो सकता है क्योंकि आने वाली जो पीढ़ी है वह बच्चों के द्वारा संवहनीय तरीके हो सकेगी कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा बहुत ही रुचि पूर्वक सहभागिता किया गया एवं भ्रमण के पश्चात बच्चों को स्वादिष्ट वन भोज कराया गया जिसमें बच्चों को बहुत आनंद आया बच्चों से प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, निबंध, क्विज कंपटीशन, जैसे प्रतियोगिता कराया गया जिसमें बच्चों के द्वारा बहुत ही सुन्दर तरीके से वन एवं पर्यावरण से संबंधित कला कृति बनाई गई। कार्यक्रम के पश्चात प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि रमेश सालोडे नगर पालिका अध्यक्ष जुन्नारदेव, ममता कुमरे सरपंच जमकुंडा, राकेश खरे उपसरपंच जमकुंडा, शिव कुमार राय वरिष्ठ भाजपा नेता, विजय इवनाती अध्यक्ष पेसा एक्ट समिति जमकुंडा, शिवराज इवनाती अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति जमकुंडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भुवनलाल विश्वकर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पालाचौरई एवं वन विभाग से दिलीप सोनारे उप वन क्षेत्रपाल जामई, अमीनुद्दीन खिलजी परिक्षेत्र सहायक जामई, चंद्रमोहन मालवी परिक्षेत्र सहायक बड़कुही एवं अन्य वन कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात एच एल कोंदर वन परिक्षेत्र अधिकारी जामई के द्वारा बच्चों को प्रकृति से संबंधित संबोधन किया गया एवं दिलीप सोनारे उप वन क्षेत्रपाल जामई के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

श्रीमती रत्नेश दुबे को मिली पीएचडी की उपाधि

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जनवरी, राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा (म.प्र.) के मनोविज्ञान विभाग में कार्यरत् श्रीमती रत्नेश दुबे पति अभिषेक दुबे को रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा पी.एचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

यह उपाधि उनके शोध कार्य ÷वैश्विक महामारी कोरोना से पीड़ित व्यक्तियों का जीवन स्तर प्रतिबलन एवं मुकाबला तंत्र का अध्ययन के लिए दी गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. कंचन माथनकर, सहायक प्राध्यापक, मानविकीय एवं उदार कला संकाय, रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इसके लिए उन्हे समस्त महाविद्यालय परिवार एवं परिवार के सभी सदस्यों ने बधाईयाँ प्रषित की है।

मऊ पंचायत में आनंद महोत्सव का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 21 जनवरी, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण प्रदेश में पंचायत विभाग के माध्यम से आनंद उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है उसी क्रम में ग्राम पंचायत मऊ,मोहखेड एंव गड़मऊ तीनों ग्राम पंचायत का संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत मऊ में कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से की गई जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच ममता सुदामा डोबले समेत अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में

विभिन्न संगीत-भजनो की प्रस्तुति ने वातावरण को आनंदित कर दिया विद्यालय के छात्रों एवं ग्राम के युवाओं ने देश भक्ति गीत एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ हीक्षकुर्सी दौड़, नींबू दौड़, कबड्डी, खो-खो व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कराई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली छात्राओं एंव भजन मंडलियों को पुरस्कार वितरण किए गए.इस दौरान ग्राम पंचायत मऊ सरपंच श्रीमती ममता सुदामा डोबले एवं ग्राम के पंच एवं ग्रामवासी साथ में गड़मऊ पंचायत सचिव सचिव श्रीमती वंदना पवार, मोहखेड़ सचिव दयाराम कोडले, मऊ सचिव तुकाराम डोंगरे मौजूद थे।

सांसद बंटी साहू ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जनवरी, हर किसी के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने बुधवार को सारना पहुंचकर यहा पर विगत दिनों देवंगत हुए वरिष्ठ समाजसेवी नवलराम साहू को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

साथ ही परिवारजनों से मुलाकात करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। सांसद श्री साहू ने इस दौरान स्वर्गीय नवलराम साहू के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे स्वर्गीय नवलराम साहू को अपने

श्री चरणों में स्थान देते हुए उन्हे मोक्ष प्रदान करे। इस अवसर पर सारना मंडल अध्यक्ष ओम पटेल, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री संजय सक्सेना, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिज़वान कुरैशी, विश्वेंद्र सिंह बैस सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वावलंबी बनने का आधार समग्र का विकास : सरपंच झामसिंह पंद्राम

नवभारत न्यूज

जुन्नारदेव, 21 जनवरी, प्रदेष के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर जिला समन्वयक अखिलेश कुमार जैन के मार्गदर्शन में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश पर्व के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव के सेक्टर क्रमांक 01 खुमकाल के ग्राम पंचायत मड़काढाना में बुधवार को सेक्टर स्तरीय आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी एवं एवं विभागों की जानकारी उपस्थित जनों को दी गई।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक संजय बामने ने बताया कि यह अभियान निरन्तर चलने वाला कार्यक्रम होना चाहिए, क्योंकि शासन की योजनाओं के बीच जमीन स्तर पर क्रियान्वयन करने हेतु प्रचार प्रसार जरूरी है परिवार संपर्क, नशामुक्ति, स्वदेशी तथा किस तरह हम स्वच्छता के आयाम को अपनाकर गंदगी से होने वाली विभिन्न बीमारियों से बच सकते है। एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठिका श्रीमती रीता उईके ने शिक्षा की आवश्यकता पर

विस्तृत जानकारी दी ,वार्ड पंच झामसिंह पंद्राम ने पंचायत द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया। नवांकुर अध्यक्ष बुनेश राजबैठे ने कुशल मंच संचालन के माध्यम से आगामी आयोजन की जानकारी दी। परामर्शदाता गोविंद नंदवंशी ने 12 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश की पूर्व में आयोजित हुए राज्य स्तर एवं जिला स्तर ,ब्लॉक स्तर के कार्यक्रम की जानकारी दी गई एवं उपस्थित प्रस्फुटन समिति के सदस्यों को अपने ग्राम में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रेरित किया गया। बैंक सखी सविता जावरे ने वित्तीय जानकारी दी उपरोक कार्यक्रम में उप-सरपंच सुनील यदुवंशी, सचिव रवि विश्वकर्मा, रोजगार सहायक लीलाधर यदुवंशी, बैंक सखी सविता जावरे, सुभाष यदुवंशी, चैतलाल उईके, चुन्नीलाल बानवंशी, बब्लू कायदा, रीतू, अंजली दर्शमा, भारती पंद्राम, रबिना उईके आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

आयोजन

हिंदू समाज के प्रति निष्ठा, समर्पण एवं प्रेम भावना को एक मंच पर विद्वानों ने किया साझा

हिंदू सम्मेलन में दिखी हिंदू समाज की एकता

नवभारत न्यूज

जुन्नारदेव, 21 जनवरी, नगर के नंदलाल सूद खेल परिसर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन बुधवार 21 जनवरी को किया गया। हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता समानता, भाईचारे की स्थापना, सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण में योगदान धार्मिक मूल्य एवं परंपराओं का सुदृढ़ीकरण करना था। इस सम्मेलन के माध्यम से जुन्नारदेव क्षेत्र वासियों को संत महात्माओं का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न स्थानों की कलश यात्राएं, अनेकों धार्मिक मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी मातृशक्ति युवा बुजुर्ग और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के पूर्व से ही पूरा शहर भगवा ध्वज पताका एवं रंग बिरंगी रोशनी से सजा दिया गया था। धर्म में वातावरण में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

ओजस्वी वक्ताओं ने दिए उद्बोधन

हिंदू सम्मेलन के दौरान ओजस्वी वक्ताओं द्वारा उद्बोधन दिए गए जिसमें पिपलानारायण बार के महंत वासुदेव नंद जी द्वारा सनातन हिंदू संस्कृति ही श्रेष्ठ संस्कृति निरूपित किया गया प्रांत प्रचार का राष्ट्रीय सेविका समिति की वसुंधरा दीदी द्वारा महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया साथ ही मात्र शक्तियों से अपने परिवार के बच्चों में संस्कार डालने की बात कही गई। सह प्रांत कार्यवाहक विनोद वर्मा द्वारा राष्ट्र की गरिमा और उत्थान के लिए हिंदू एकता के लिए समर्पण की बात कहते हुए हिंदू समाज को जाति और वर्गों में ना बढ़ाते हुए एक होने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन राकेश जैन कार्यक्रम संयोजक द्वारा दिया गया। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत समरसता भोज भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा जिसमें थाना प्रभारी राकेश बघेल के नेतृत्व में पुलिस स्टाफसुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नगर के पुरोहित, गणमान्य नागरिक, हिंदू धार्मिक संगठन के प्रमुख एवं नगर वासी सहित आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियर कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री हेमन्त चौधरी श्री श्रवण चौधरी श्रीमती सुमित्रा चौधरी हेमन्त चौधरी (प्रॉस्पेक्ट नं. आई10740400)	खसरा संख्या 134 का वह पूरा भूखंड, रायभासा, पंधरना, मध्य प्रदेश, भारत, 480334 में स्थित है. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र- 900.00, 821.00 वर्ग फुट	रु. 474701 (रु. चार लाख चौहत्तर हजार सात सौ एक मात्र)	09-10-2025	19/1/2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर, जोन-2, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011/या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- छिन्दवाड़ा, दिनांक 22/1/2026 — प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड